दूरभाष सं0 05852–223112
eehardoi@yahoo.com

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)

बी–192, आवास विकास कालोनी, हरदोई।

पत्रांक : 3277 / बि-3 / 23 दिनांक : 16/6/2026

सेवा में,

अधीशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषय:- दिनांक 15/06/2026 को प्रकाशित खबर "हरदोई में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन लीक: दौली-करनपुर में घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी, सड़कों पर बहाव" शीर्षक से टैग की गयी खबर के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 15/06/2026 को दैनिक भाष्कर (वेब पोर्टल) द्वारा "हरदोई में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन लीक: दौली-करनपुर में घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी, सड़कों पर बहाव शीर्षक से टैग की गयी खबर का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद हरदोई के विकास खण्ड बावन की बघौरामल ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गतं कराये जा रहे कार्यों से सम्बन्धित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनियर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत है:-

| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | हरदोई में करोड़ों रुपये की लागत से संचालित जल जीवन मिशन योजना जमीनी स्तर पर सवालों के घेरे में है। बावन ब्लॉक के दौली और करनपुर गांवों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का दावा अधूरा साबित हो रहा है।<br>यहां पाइपलाइन में लीकेज के कारण हजारों लीटर पानी रोजाना सड़कों और नालियों में बह रहा है। इससे एक ओर जहां पानी की बर्बादी हो रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को पेयजल और | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बघौरामल ग्राम समूह पेयजल योजना (फेज-3) में स्वीकृत है जिसके अन्तर्गत 03 ग्राम पंचायतें (बघौरामल,दौली एवं करनपुर तथा इनके समस्त मजरे) सम्मिलित है। उक्त योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग अवर जलाषय, 01 नग सोलर सिस्टम, 21.950 किमी. वितरण प्रणाली, 964 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 अवर जलाषय, 01 नग सोलर सिस्टम, 20.790 किमी. वितरण प्रणाली एवं 931 |

| | | |
|---|---|---|
| | आवागमन दोनों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।<br><br>लगातार हो रहे रिसाव से गांव की सड़कों पर जलभराव और कीचड़ की स्थिति बन गई है। इससे लोगों को घरों से निकलने में परेशानी हो रही है और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।<br><br>ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से शिकायत की है, लेकिन अब तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।<br><br>ग्राम प्रधानपति संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने भी कई बार अधिकारियों और ठेकेदार को पाइपलाइन लीकेज की जानकारी दी है, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण रामबक्स सिंह का कहना है कि इस समस्या के कारण घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है।<br><br>ग्रामीण दीपक सिंह ने बताया कि लंबे समय से पाइपलाइन लीकेज है, जिससे रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आसूं सिंह ने कहा कि सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से पानी घरों तक पहुंचने के बजाय सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द खराब पाइपलाइन ठीक कराने की मांग की है, ताकि पानी की बर्बादी रुके और जल | नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य कराये जा चुके है। योज़नान्तर्गत समस्त मजरो में नियमित पेयजल आपूर्ति (टेस्टिंग फेज) की जा रही है एवं अवशेष पेयजल ग्रह संयोजन के कार्य प्रगति पर है।<br><br>प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल पर पाइप लाइन में लीकेज उत्पन्न होने के उपरान्त तत्काल ही कार्यदायी संस्था के माध्यम से पाइप लाइन की मरम्मत करा दी गयी थी। |

| | |
|---|---|
| जीवन मिशन का लाभ सही मायनों में गांव तक पहुंच सके। | |

यहां यह भी अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कार्य मार्च, 2028 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है, जिन्हें निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण करा लिये जायेगें।

अतः उपरोक्त आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक - उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठांकन सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण/ल0क्षे0 महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, हरदोई।
5. जिला सूचना अधिकारी, हरदोई।
6. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0 हरदोई को इस निर्देश के साथ कि अवशेष कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता एवं मानकोनुरूप शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

__बघौरामल ग्राम समूह पेयजल योजना के फोटोग्राफ__








